मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक/बी–5/2/ई–अनुज्ञा/2017–18/854 भोपाल दिनांक 23 मई 2018

प्रति,

संयुक्त संचालक/उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर/रीवा (म0प्र0)

विषयः–प्रदेश की समस्त मण्डियों में ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल के ऑनलाईन क्रियान्वयन संबंधी।

–0–

दिनांक 05 मई 2018 को मण्डी बोर्ड मुख्यालय में सम्पन्न आंचलिक संयुक्त/उप संचालकों की मासिक समीक्षा बैठक में दिनांक 01 जुलाई 2018 से प्रदेश की समस्त मण्डी समितियों में एक साथ ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल का ऑनलाईन क्रियान्वयन आरम्भ किये जाने का निर्णय लिया गया है।

इस प्रक्रिया के उपयोग से मण्डी समिति को ऑनलाईन अनुज्ञा पत्र जारी करने व सत्यापन कार्य में सुगमता होगी तथा मॉनिटरिंग में मदद मिलेगी। प्रदेश की समस्त मण्डी समितियों में इस ऑनलाईन प्रक्रिया को लागू करने एवं सुचारु संचालन स्थापित कराने के लिये समस्त संयुक्त संचालक/उप संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय नोडल अधिकारी होंगे एवं संबंधित मण्डी के सचिव, उप नोडल अधिकारी होंगे, जो अंचल की मण्डी समितियों में ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल का सुचारु संचालन एक निश्चित समय सीमा में पूर्ण कराने एवं निरंतर रखने के लिये दायित्वपूर्ण होंगे।

समस्त नोडल अधिकारी अंचल कार्यालय में एक कंट्रोल रुप स्थापित करेंगे जिसके प्रभारी वे स्वयं होंगे व सहायक के रुप में अंचल के सहायक संचालक, उपयुक्त अधिकारी/कर्मचारी व मास्टर ट्रेनर को नामांकित कर उसके नाम, पदनाम, मोबाईल नंबर व कंट्रोल रुम के दूरभाष नंबरों की जानकारी अपने अंचल की समस्त मण्डियों के सचिव को तथा मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल को अनिवार्य रुप से देंगे। ये कंट्रोल रुम मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल एवं अंचल की मण्डियों के सतत् सम्पर्क में रहेंगे व उनसे प्रतिदिन प्राप्त होने वाली सूचनाओं, जानकारियों को पंजी/कम्प्यूटर में लिपिबद्ध/दर्ज कर नोडल अधिकारी को त्वरित सुधारात्मक/निवारण की कार्यवाही के लिये प्रस्तुत करेंगे।

(फैज अहमद किदवई)
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/ई–अनुज्ञा/2017–18/855 भोपाल दिनांक23मई 2018

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल।

(02) अपर संचालक (समस्त), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(03) श्री ए0एन0सिद्धीकी, तकनीकी निदेशक भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(04) संयुक्त संचालक/उप संचालक (समस्त), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(05) सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति .... जिला .... (म0प्र0) :– अपनी मण्डी समिति में ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल का सुचारु संचालन एक निश्चित समय सीमा में पूर्ण करने एवं निरंतर रखने के लिये उपनोडल अधिकारी होंगे व इस कार्य के लिये दायित्वपूर्ण होंगे। साथ ही अंचल कार्यालय कंट्रोल रुम से सतत सम्पर्क में रहेंगे।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल